# ठंड के बीच ईडीएम नाइट में झूमे छात्र

- एचबीटीयू के टेक्नो कल्चरल फेस्ट अध्याय में दूसरे दिन दिखी प्रतिभा
- जीत की दिखी होड़, युवा उद्यमी ने स्मार्ट हेलमेट की दी जानकारी

जागरण संवाददाता, कानपुर: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के टेक्नो कल्चरल फेस्ट में शुक्रवार को ईडीएम नाइट आकर्षण का केंद्र रही। दिल्ली के डीजे एमके शिफ्ट ने ठंड के बीच जैसे ही फिल्मी गानों की धुन को बजाया तो छात्र-छात्राएं झूम उठे। विश्वविद्यालय के मैदान पर डीजे की धुन पर सभी देर रात तक जमकर थिरके। बॉलीवुड व हॉलीवुड के गीतों के बीच उन्होंने शोर मचाकर खुशनुमा माहौल का लुत्फ उठाया। डीजे की धुनों ने युवाओं के अंदर इस कदर जोश भर दिया कि वह घंटों जमकर झूमे। जो जहां खड़ा था वहीं पर थिरकने लगा। धुन जैसे ही बंद हुयी वैसे ही छात्रों की ओर से वंस मोर वंस की आवाज आना शुरू हो गयी। ईडीएम नाइट से पहले हिमांशु और नव्या ने 'मेरे सामने वाली खिड़की...' गीत की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें आयुष ने गिटार बजाया। इसके अलावा आर्यन और यशवर्धन ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए 'ओ कबीरा मान जा...' गाने की जब प्रस्तुति दी तो सभी ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। इससे पहले सुबह व दोपहर सत्र में हुए इवेंट्स में छात्रों ने रोबो वॉर में अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी के बीच जीत की जबर्दस्त होड़ दिखी। छात्र प्रदुम पाल की टीम ने जो रोबो बनाया, उसे पहला स्थान मिला। रोबो लाइन फालोइंग प्रतियोगिता में नमन अरोड़ा, अंशिका गोविल, विवेक शर्मा व आयुष अग्रवाल ने बाजी मारी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक व युवा उद्यमी जवाद पटेल ने छात्रों को स्मार्ट हेलमेट की जानकारी दी। उन्होंने कहा इसे पहनने से दुर्घटना के समय चोट लगने का खतरा कम हो जाता है। मेरा भारत महान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर छात्र-छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुति से सभी को अलग-अलग संदेश दिए। छात्रों की ओर से जैसे ही वाटर रॉकेट की प्रस्तुति दी गई तो सभी आश्चर्यचकित हो गए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एनबी सिंह, कुलसचिव प्रो. मनोज शुक्ला समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



एचबीटीयू में चल रहे वार्षिक उत्सव में रोबो वार में भाग लेते छात्र-छात्राएं • जागरण